प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/6591 दिनांकः 17 मार्च, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के रेगुलर तथा कैरी ओवर हेतु Phase-II की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत हो कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के प्रथम वर्ष के समस्त पाठ्यक्रमों/विधाओं के तथा बी0टेक0, बी0फार्म, पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के द्वितीय चरण की परीक्षाएं, विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदनोपरान्त **दिनांक 18 मार्च, 2023 से 06 अप्रैल, 2023 तक** ऑफ-लाइन मोड में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में सूचित करना है कि उपरोक्त परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन कार्ड एवं परीक्षार्थियों की सूची इत्यादि संस्थान की ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है। संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध कराये गये नव-प्रवेशित छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र अपने स्तर से नियमानुसार सत्यापन करते हुए पात्र/अर्ह छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरी ओवर छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र स्वतः ही सीधे छात्र के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र प्राप्त करने हेतु सूचित करते हुए यथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए सेमेस्टर परीक्षा में पूर्ण सहयोग करने का कष्ट करें।

भवदीय

17.3.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

COELETTER-891